बिहार सरकार
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग
**बिहार विरासत विकास समिति**
बुद्धमार्ग, पटना

## पुस्तक लेखन के लिए प्रस्ताव आमंत्रण हेतु विज्ञापन

बिहार विरासत विकास समिति, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा बिहार राज्य संरक्षित चयनित पुरास्थलों/स्मारकों पर 100–150 पृष्ठों की परिचय पुस्तिका (Booklet) का निर्माण किया जाना है। इस हेतु निम्नांकित शर्त एवं उपबंध हैं –

(i) लेखक को प्राचीन भारतीय इतिहास/मध्य कालीन इतिहास का प्रामाणिक अध्येता होना चाहिए। उपरोक्त विषय में परास्नातक को वरीयता दी जायेगी। कम से कम स्नातक में उपरोक्त विषय की डिग्री होना चाहिए।

(ii) पुस्तक में आवश्यक रेखा चित्र, छाया चित्र आवश्यक रूप से होना चाहिए।

(iii) पुस्तक का निर्माण Plagiarism मुक्त होना चाहिए।

(iv) पुस्तक कहीं अन्यत्र प्रकाशित या प्रकाशनाधीन नहीं होना चाहिए।

(v) प्रकाशन किये जाने वाले उल्लिखित पृष्ठों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है

(vi) जो लेखक लेखन कार्य हेतु इच्छुक हो वह अपना प्रस्ताव समिति को उपलब्ध करा सकते हैं।

(vii) पुस्तक के मुद्रण का अधिकार बिहार विरासत विकास समिति के पास होगा।

(viii) सभी शर्त्तो को बिना बताये पूर्णतः या अंशतः अस्वीकृत/रद्द करने का सर्वाधिकार बिहार विरासत विकास समिति को सुरक्षित होगा। उपर्युक्त सभी शर्तों एवं उपबंधों का पालन किया जाना अनिवार्य है।

13/1

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार विरासत विकास समिति

**बिहार प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल अवशेष तथा कलानिधि अधिनियम, 1976 के अन्तर्गत, बिहार सरकार द्वारा सुरक्षित घोषित स्मारकों की सूची :–**

| क्र0सं0 | स्मारक का नाम | जिला का नाम |
|---|---|---|
| 1. | बेगू हज्जाम की मस्जिद, गुलजारबाग, पटना सिटी | पटना |
| 2. | जलालगढ़ किला कसबा | पूर्णियाँ |
| 3. | ब्रह्मयोनी पहाड़ | गया |
| 4. | मसही कैमूर | कैमूर |
| 5. | टेकारी किला (टेकारी) | गया |
| 6. | सोफा मंदिर | बेतिया |
| 7. | हरेश्वरनाथ मंदिर, द्वालख | मधुबनी |
| 8. | कोटेश्वर धाम मेनग्राम | गया |
| 9 | दुल्हिन मंदिर | गया |
| 10. | गुआरीडीह वरियारपुर (गुआरी) | भागलपुर |

## सामान्य अनुक्रमणिका

(1) स्मारक/पुरास्थल का सामान्य परिचय।

(2) उत्खनित पुरास्थल की स्थिति में उत्खनन की जानकारी।

(3) पुरास्थल के सामान्य भूगोल एवं भौगोलिक स्थिति।

(4) पुरास्थल/स्मारक का संरचनात्मक विन्यास।

(5) पुरास्थल का कालानुक्रमण एवं अन्य पुरास्थलों/स्मारकों से संबंध।

(6) पुरास्थल/स्मारकों पर उपलब्ध प्रतिमाओं आदि की विवरणी।

(7) पुरास्थल/स्मारकों पर उपलब्ध पर्यटन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी।

(8) अन्य महत्वपूर्ण जानकारी।

(9) पुरास्थल पर पहुँचने, खुलने बंद होने एवं सम्पर्क सूत्र की जानकारी

**नोट :** प्रस्ताव 15 फरवरी 2025 तक समिति को पत्र अथवा ई–मेल–heritageofbihar@gmail.com के माध्यम से आवश्यक रूप से प्रेषित किया जा सकता है। इच्छुक लेखक विस्तृत जानकारी हेतु विरासत समिति के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। प्रस्ताव में एक संक्षिप्त जीवनवृत/Biodata तथा किस पुरास्थल/स्मारकों पर कार्य करना चाहते है की जानकारी दिया जाय। विरासत समिति पुस्तक लेखन के लिए प्रस्ताव के अनुमोदन होने पर एवं पांडुलिपि के Word file में मूल प्रति के प्राप्त होने पर ही विचार करेगी। पांडुलिपि के प्रकाशन हेतु स्वीकृत होने पर लेखक का मानदेय दिया जाएगा।